:: राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर ::

क्रमांकः–प.1(1)कार्मिक/विस/2017/2570 दिनांकः– 24/1/18

:: कार्यालय आदेश ::

14वीं विधान सभा का दशम सत्र दिनांक 05.02.2018 से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र के दौरान मण्डल से संबंधित विधानसभा प्रश्नों के उत्तर अविलम्ब भिजवाने होते है। मण्डल मुख्यालय एवं समस्त वृत/खण्ड कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये जाते हैं कि उक्त सत्र के दौरान दो कर्मचारियों को नामजद किया जावे जो राजकीय/सार्वजनिक अवकाशों तथा कार्य दिवसों में **प्रातः 9.00 बजे से सायं 7.00 बजे** तक कार्यालय में उपस्थित रहकर विधानसभा प्रश्नों को प्राप्त कर निश्चित समयावधि में उत्तर भिजवा सके। नामजद कर्मचारियों को यह भी सख्त निर्देश दिये जाते है कि वे अपने मोबाईल/दूरभाष पर उपस्थित रहे। प्रभारी अधिकारी भी अपने निवास स्थान पर ऐसी व्यवस्था करे कि उनसे जरूरत पड़ने पर तत्काल दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सके। **उप आवासन आयुक्त अपने वृत्त से संबंधित सूचना मुख्यालय में संबंधित प्रकोष्ठ प्रभारी अधिकारी को ही भिजवायेगें।**

मुख्यालय में नामजद एंव वृत/खण्ड के कर्मचारियों को यह निर्देश दिये जाते है कि दिनांक **05.02.2018 से सत्र समाप्ति तक सायकाल 7.00 बजे तक** अपनी उपस्थिति अपने प्रकोष्ठ में दर्ज करवाकर कार्मिक प्रकोष्ठ को सूचित करने के पश्चात् कार्यालय छोड़ेगें, जिन्हें नियमानुसार मानदेय देय होगा।

प्रत्येक विधानसभा प्रश्न का उत्तर प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर युक्त दो प्रतियों में तथा तारांकित प्रश्न का उत्तर अनुपूरक सामग्री व सलंग्न सूची की 110 प्रतियों में यथा समय प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

(अनिल कौशिक)
सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निजी सचिव–अध्यक्ष/निजी सचिव–आवासन आयुक्त, राज. आवासन मण्डल, जयपुर।
2. मुख्य अभियंता(मुख्यालय)/प्रथम/द्वितीय, राज. आवासन मण्डल, जयपुर।
3. निजी सचिव–सचिव/मुख्यलेखाधिकारी, राज. आवासन मण्डल, जयपुर।
4. अति0 मुख्य अभियंता ....राजआ0मण्डल,जयपुर।
5. उप आवासन आयुक्त................../आवासीय अभियंता.................. राज. आवासन मण्डल, जयपुर।
6. मुख्य सम्पदा प्रबन्धक/निदेशक(विधि)/सम्पदा प्रबन्धक(भूमि)/सहा.निदेशक(अभिलेख)/आ.अभि. मुख्यालय/जन सम्पर्क अधिकारी/वरिष्ठ लेखाधिकारी–प्रथम/द्वितीय, राज. आवासन मण्डल, जयपुर।
7. आवासीय अभियंता(समस्त)........................... राज. आवासन मण्डल, ...।
8. मुख्यालय समस्त प्रकोष्ठ.. राज. आवासन मण्डल, जयपुर ।
9. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ कार्मिक प्रबन्धक